आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 185 | उज्जैन, बुधवार 28 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# वित्तीय अधिकारों के प्रत्यायोजन को मंजूरी, वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2025 भाग-1 का अनुमोदन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद का निर्णय

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2025, भाग-1 का अनुमोदन किया गया है। वित्त विभाग को लिपिकीय त्रुटियों को सुधारने और भावी आवश्यकताओं के अनुसार संशोधन करने की अनुमति दी गई है। साथ ही, हिन्दी अनुवाद जारी करने की भी अनुमति दी गई है। अनुमोदित वित्तीय अधिकार 1 जुलाई, 2025 से लागू होंगे।



वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2012, भाग-1 में संशोधन के प्रमुख कारणों में 13 वर्ष से अधिक की अवधि में विभिन्न मदों के मूल्यों/लागतों में वृद्धि, कार्यालय संचालन से संबंधित कतिपय नवीन स्वरूपों के व्यय भी प्रचलन में आये हैं। अप्रासंगिक हो गई मदों का विलोपन, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नवीन मदों को सम्मिलित किया जाना, अप्रासंगिक हो चुके कार्यालयीन उपकरण / सामग्री का विलोपन, अधिकारों का विकेंद्रीकरण के क्रियान्वयन में गति प्रदान करने के लिए, बजट प्रावधान का समयसीमा में उपयोग शामिल हैं।

वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2012, भाग-1 में संशोधन नवीन प्रावधान अंतर्गत?बजट नियंत्रण अधिकारी घोषित किया जाने के लिए प्रशासकीय विभाग को अधिकार, से कार्य के लिए अधिकार, संलग्न करने के लिए अधिकार, मूलभूत नियम 46 अंतर्गत मानदेय की स्वीकृति, पेंशन / उपदान के अधिक भुगतान को करने का अधिकार है।

विभागीय भवन तोड़ने की अनुमति संबंधित विभाग देगा। 80 प्रतिशत मेडिकल एडवांस देने का अधिकार विभाग को, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की अनुमति/परामर्श की आवश्यकता नहीं होगी।

# नकल के लिए अकल चाहिए..., ओवैसी का गलत तस्वीर को लेकर पाकिस्तान पर तंज



नई दिल्ली (एजेंसी)। एआईएमआईएम चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर और पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ पर तंज कसा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर को बेवकूफ जोकर कहा गया, क्योंकि उन्हें एक हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के दौरान भारत के ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन बुनियान अल-मरसूस की नकली फोटो पकड़े देखा गया।

बता दें असीम मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को 'ऑपरेशन बुनियान अल-मरसूस' की एक तस्वीर गिफ्ट की, जो असल में 2019 की चीनी सैन्य ड्रिल की फोटो थी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और विदेश मंत्री इशाक डार सहित टॉप राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया था।

पाकिस्तान को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए- ओवैसी ने इस बात के लिए तंज करते हुए कहा, 'पाकिस्तान को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। ये लोग एक असली तस्वीर तक नहीं दे सकते। नकल करने के लिए भी अकल चाहिए, और इन नालायकों को अकल भी नहीं है।'

# वारंट है, तो गिरफ्तारी का कारण बताने की जरूरत नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने क्यों कहा ऐसा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने वारंट पर गिरफ्तार व्यक्ति के लिए एक नया आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा, जब किसी व्यक्ति को वारंट के तहत गिरफ्तार किया जाता है, तो गिरफ्तारी के आधारों को अलग से बताने की जरूरत नहीं होती। कोर्ट ने आगे कहा, वारंट ही गिरफ्तारी के लिए एक आधार तैयार करता है, जिसे गिरफ्तार व्यक्ति को बताया जाना चाहिए।

कोर्ट के फैसले के मुताबिक, अगर व्यक्ति की गिरफ्तारी वारंट के साथ की जाती है तो उसे अलग से कारणों के बारे में बताने की जरूरत नहीं है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने इस पर फैसला सुनाया है। पीठ ने कहा, यदि किसी व्यक्ति को वारंट के तहत गिरफ्तार किया जाता है, तो गिरफ्तारी के कारणों का आधार वारंट ही होता है। यदि व्यक्ति को वारंट पढ़कर सुनाया जाता है, तो उसमें ये सुनिश्चित होना चाहिए कि व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में जानकारी दी जाए।

# पाक-चीन हो जाओ सावधान, अब भारत में ही बनेंगे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान; राजनाथ ने मेगा प्रोजेक्ट को दी मंजूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-पाक में तनाव के बाद से केंद्र सरकार ने देश के रक्षा बेड़े को और मजबूत करने की ठान ली है। इसके लिए सरकार द्वारा रक्षा बजट में अतिरिक्त पैसा देने की बात भी सामने आई है। इस बीच भारत अपनी हथियार प्रणाली को भी मजबूत कर रही है, जिसके लिए राजनाथ सिंह ने आज एक बड़ा फैसला लिया।

राजनाथ सिंह का बड़ा कदम- इसी के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज एक बड़ा कदम उठाया। रक्षा मंत्री ने भारतीय वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी डीप पेनेट्रेशन एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट फाइटर प्लेन को विकसित करने के लिए एक मेगा प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। इसे लागू करने के लिए निष्पादन मॉडल को मंजूरी दे दी गई है।

मीडियम वेट डीप पेनेट्रेशन फाइटर जेट होंगे विकसित- भारत अपनी वायु शक्ति क्षमता को बढ़ाने के लिए एडवांस्ड स्टील्थ फीचर्स के साथ मीडियम वेट डीप पेनेट्रेशन फाइटर जेट विकसित करने की महत्वाकांक्षी एएमसीए परियोजना पर काम कर रहा है।

भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोग्राम निष्पादन मॉडल को मंजूरी दे दी है।

# तो भारत-पाक तनाव के पीछे था चीन का हाथ? जयशंकर ने दिया चौंकाने वाला बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान से अपना बदला ले लिया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से बनी संघर्ष की स्थिति में उसे ही मुंह की खानी पड़ी है। भारत के हवाई हमलों में पाकिस्तान को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है।

भारत से तनाव के बीच चीन ने हमेशा की तरह पाक का साथ दिया। इस दौरान ड्रैगन की क्या भूमिका थी, इस पर विदेश मंत्री जयशंकर ने चौंकाने वाला बयान दिया है।

चीन की भूमिका पर बोले जयशंकर- एक जर्मन अखबार फ्रैंकफर्टर ऑलगेमाइने जिटुंग को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने चीन की पोल खोली है। जयशंकर से जब पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि भारत-पाक तनाव के पीछे चीन की भी भूमिका थी। इसका जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि पाक के पास जितने भी हथियार हैं वो चीन के ही हैं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के आधे घंटे बाद पाक को बताया - इस बीच जयशंकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पाकिस्तान को पहली जानकारी इसके शुरू होने के आधे घंटे बाद (आपरेशन खत्म होने पर) दी गई थी। विदेश मंत्री ने यह जानकारी विदेश मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की सोमवार को हुई बैठक में दी।

कुछ दिन पहले जयशंकर ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के साथ ही इसकी जानकारी पाकिस्तान को दे दी गई थी।

# तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका जाएंगे विदेश सचिव विक्रम मिसरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश सचिव विक्रम मिसरी मंगलवार से अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मिसरी की अमेरिका यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फरवरी में हुई वाशिंगटन यात्रा के बाद हो रही है। मंत्रालय ने कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी 27-29 मई तक वाशिंगटन डीसी का दौरा करेंगे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

# वायुसेना का ऑपरेशन सफेद सागर, जिसने करगिल युद्ध में पाक की सेना को खदेड़ भगाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना ने सोमवार को कहा कि वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान अपने हवाई अभियानों के लिए वायुसेना का कोडनेम %ऑपरेशन सफेद सागर% कई मायनों में अग्रणी और मार्गदर्शक ऑपरेशन था। इसने साबित कर दिया कि %हवाई शक्ति% अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पार किए बिना युद्ध के रुख को निर्णायक रूप से बदल सकती है।



यह ऑपरेशन 26 मई, 1999 को शुरू किया गया था। वायुसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद कश्मीर क्षेत्र में हवाई शक्ति का यह पहला बड़े पैमाने पर इस्तेमाल था। इससे पहले कभी भी वायुसेना को ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों में इतनी ऊंचाई पर सटीक संचालन का काम नहीं सौंपा गया था - जो इसे सैन्य विमानन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण बनाता है।

सोशल मीडिया पोस्ट में क्या कहा गया- एक्स पोस्ट पर एक वीडियो भी साझा किया गया है जिसमें ऑपरेशन के दौरान इस्तेमाल किए गए लड़ाकू विमानों को सूचीबद्ध किया गया है। इस ऑपरेशन का उद्देश्य कारगिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारतीय ठिकानों पर कब्जा करने वाले पाकिस्तानी नियमित सैनिकों और घुसपैठियों को खदेड़ना था।

ऑपरेशन सफेद सागर था अभियान का कोडनेम- वायुसेना ने कहा कि ऑपरेशन सफेद सागर 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना के हवाई अभियानों का कोडनेम था जो आपरेशन विजय के तहत जमीनी बलों के समर्थन में शुरू किया गया था। इस आपरेशन में हवाई शक्ति को अपरंपरागत भूमिकाओं में इस्तेमाल किया गया।

यह कई मायनों में अग्रणी और मार्गदर्शक था। इसने स्थानीय संघर्ष में लड़ाकू विमानों के सीमित उपयोग की प्रभावशीलता को प्रदर्शित किया तथा लंबे समय से चली आ रही उस धारणा को भी ध्वस्त कर दिया गया कि हवाई शक्ति के उपयोग से स्थानीय संघर्ष अनिवार्य रूप से पूर्ण पैमाने पर युद्ध में बदल जाएगा।

# भारत से मुंह की खाने के बाद ईरान की दहलीज पर पाकिस्तान, India को लेकर शहबाज-मुनीर को खामेनेई ने दिखाया ठेंगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत से मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान ईरान की दहलीज पर पहुंचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर ईरान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करने के लिए तेहरान पहुंचे हैं। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और असीम मुनीर ने ईरान के सुप्रीम लीडर से भी मुलाकात की और भारत के साथ हाल ही में हुए संघर्षों का मुद्दा उठाया। हालांकि भारत के मामले में ईरान से पाकिस्तान के हाथ कुछ नहीं लगा। भारत पाक संघर्ष को लेकर ईरान ने बहुत ही नपी-तुली प्रतिक्रिया दी है। सुप्रीम लीडर खामेनेई ने एक्स पर कहा, हम पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष के खत्म होने से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि दोनों मुल्कों के बीच मतभेद सुलझ जाएंगे।

ईरानी सरकारी मीडिया IRNA ने बताया कि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने भारत और पाकिस्तान के बीच स्थायी युद्धविराम के लिए ईरान का समर्थन व्यक्त किया और विवादों को सुलझाने और अमन को बढ़ावा देने के लिए बातचीत की गुजारिश की है।

गौरतलब है कि भारत और ईरान के रिश्ते ऐताहासिक और सांस्कृतिक रहे हैं। वहीं पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते हमेशा ही सर्द रहे हैं। पिछले साल ही ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने पाकिस्तान की ब्लूचिस्तान इलाके में आतंकियों कैंपों पर मिसाइल दागे थे। इसके बाद पाकिस्तान ने खूब हाय-तौबा मचाई थी। भारत के साथ हालिया संघर्ष के बाद पाकिस्तान को उम्मीद थी मुस्लिम देश उसके साथ खड़े होंगे।

लेकिन कुछ देशों को छोड़कर लगभग सारे देशों ने पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। इसके बाद पाकिस्तान के पीएम और सेना प्रमुख खाड़ी देशों के अपने साथ लाने की मंशा से हर देश में जाकर समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के आतंकियों का खुलेआम साथ दे रहा तुर्किये, राष्ट्रपति एर्दोगन के ऑपरेशन सिंदूर पर दिए बयान पर क्यों छिड़ी चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान और तुर्किये लगातार रिश्ते मजबूत बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं। अब तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को बधाई दी है। असीम मुनीर को उनके प्रमोशन के लिए बधाई दी गई है। बता दें हाल ही में मुनीर का प्रमोशन हुआ और शरीफ सरकार ने उन्हें वहां का फील्ड मार्शल बनाया है।

पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार आतंकवादी हमले पर भारत की सैन्य प्रतिक्रिया और उसके बाद इस्लामाबाद और रावलपिंडी की



तरफ से की गई बढ़ोतरी के बाद, पाकिस्तान का आतंकवाद और सैन्य ढांचा कमजोर पड़ गया, इस्लामाबाद ने अपने सेना प्रमुख का प्रमोशन करने का फैसला लिया।

पाक पीएम ने एर्दोआन को किया धन्यवाद - वहीं पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सैन्य टकराव के दौरान अपने देश के समर्थन के लिए एर्दोआन को धन्यवाद भी दिया ।

एर्दोआन ने ऑपरेशन सिंदूर पर क्या कहा - भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराने के बाद तुर्किये के राष्ट्रपति की ओर से सीधे आए संदेश में एर्दोआन ने कहा, मैं हमलों में अपनी जान गंवाने वाले हमारे भाइयों के लिए अल्लाह से प्रार्थना करता हूं, और मैं पाकिस्तान के भाईचारे वाले लोगों और राज्य के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

दोनों के बीच बढ़ी दोस्ती - तुर्किये की राजधानी अंकारा में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति एर्दोगन ने दोनों देशों के बीच संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की है।

### बांग्लादेश में नए सेवा कानून का पुरजोर विरोध, कर्मचारियों ने सचिवालय के मुख्य द्वार पर जड़ा ताला



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में नए सेवा कानून को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। सैकड़ों सरकारी कर्मचारियों ने सोमवार को ढाका में सचिवालय के मुख्य द्वार पर कुछ समय के लिए ताला जड़ दिया। इस कानून में कदाचार के आरोपित अधिकारियों को आसानी से बर्खास्त करने का प्रविधान है।

सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी ने लोक सेवा अधिनियम संशोधन के खिलाफ विरोध के तीसरे दिन मुख्य द्वार को दोपहर करीब 12-30 बजे बंद कर दिया। इसे आधे घंटे बाद खोल दिया गया। कर्मचारियों के काम बंद रखने के कारण परिसर में गतिविधियां काफी हद तक ठप रहीं। सरकारी कर्मचारियों ने अध्यादेश रद होने तक विरोध प्रदर्शन जारी रखने की धमकी दी है।

संविधान संशोधनों में अल्पसंख्यक अधिकारों की रक्षा का यूनुस ने किया वादा- बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को कहा है कि किसी भी संविधान संशोधन में धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय को बहुसंख्यक मुस्लिम समुदाय के समान अधिकार मिलते रहेंगे।

### लंदन के लिवरपूल की जीत का जश्न मना रहे फुटबॉल प्रशंसकों पर सिरफिरे ने चढ़ा दी कार, 27 लोग बुरी तरह जख्मी



नई दिल्ली (एजेंसी)। लिवरपूल के फुटबाल प्रशंसकों पर कार चढ़ाने के आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना उस समय हुई जब प्रशंसक अपने शहर की फुटबाल टीम के प्रीमियर लीग चैंपियनशिप में मिली जीत का जश्न मना रहे थे।

प्रशंसक विक्ट्री परेड निकाल रहे थे। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो में एक मिनीवैन को पैदल यात्री को टक्कर मारते हुए और फिर भीड़ में घुसते हुए दिख रहा है। घटना में 20 लोगों को मामूली चोटें आई और 27 बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने कहा कि वे उन रिपोर्टों की जांच कर रहे हैं जिनमें कहा गया है कि कई पैदल यात्रियों को टक्कर मारी गयी थी। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उन्हें स्थिति के बारे में अपडेट किया जा रहा है।

## भारत से बातचीत और सुलह के लिए गिड़गिड़ा रहा पाक, शहबाज शरीफ ने कहा, हम सभी विवादों को सुलझाना चाहते हैं



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर में मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर, आतंकवाद, जल एवं व्यापार समेत सभी मुद्दों के समाधान के लिए सोमवार को भारत के साथ शांति वार्ता की इच्छा व्यक्त की।


उन्होंने यह इच्छा चार देशों की यात्रा के दूसरे चरण में ईरान पहुंचने के बाद व्यक्त की।

भारत से शांति वार्ता चाहते हैंः शहबाज- तुर्किए से ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचने के बाद शहबाज ने राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मुलाकात की। बाद में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शहबाज ने कहा कि वह शांति की खातिर भारत के साथ बातचीत को तैयार हैं। साथ ही भारत द्वारा युद्ध का रास्ता चुनने पर जवाबी कार्रवाई की धमकी भी दी।

शहबाज ने फिर किया फर्जी जीत का दावा - शहबाज ने कहा, अगर वे आक्रामक बने रहना चुनते हैं, तो हम अपने क्षेत्र की रक्षा करेंगे.. जैसा हमने कुछ दिन पहले किया है। लेकिन अगर वे शांति के मेरे प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं, तो हम दिखाएंगे कि हम वास्तव में गंभीरता एवं ईमानदारी से शांति चाहते हैं। शहबाज ने दावा किया कि भारत के साथ चार दिवसीय संघर्ष में पाकिस्तान विजयी रहा।

भारत दे चुका साफ संदेश - उल्लेखनीय है कि भारत स्पष्ट कर चुका है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल उसके कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा।शहबाज ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पेजेश्कियन की चिंता की सराहना भी की। साथ ही इस दौरान पाकिस्तान का दौरा करने के लिए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची को सराहा और उन्हें उत्कृष्ट राजनयिक कहा।

## महिला को हुई खतरनाक बीमारी, निकालने पड़े 13 अंग, फिर भी नहीं मानी हार



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन के कुम्ब्रिया की महिला से जुड़ा एक अनोखा मामला सामने आया है। महिला के 13 आंतरिक अंगों को निकाल दिया गया। महिला को कैंसर नामक बीमारी थी, 39 साल की रेबेका हिंद को स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी (पीएमपी) होने का पता चला, यह एक ऐसी स्थिति है जो लगभग दस लाख लोगों में से एक को प्रभावित करती है।

द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, हिंद को पहली बार दिसंबर 2018 में एक ऑफिस क्रिसमस पार्टी के बाद इसके लक्षण महसूस होने लगे थे।

बीमारी के बारे में सुनकर महिला हैरान- शुरू में उन्हें लगा कि यह फूड पॉइजनिंग है, लेकिन जब उनके ये लक्षण 8 हफ्ते से ज्यादा समय तक बने रहे तो वो चिंता में आ गई। जब तक उन्हें इस बीमारी के बारे में पता चला तब काफी देर हो चुकी थी और उनके शरीर के ज्यादातर अंग इस बीमारी से प्रभावित थे। महिला ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया, मैं बीमारी के बारे में सुनकर काफी निराश हुई, लेकिन मुझे बस आगे बढ़ना था।

क्या है इस बीमारी के लक्षण - पीपुल्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीएमपी एक दुर्लभ म्यूसिनस कैंसर है जो म्यूसिन नामक एक गाढ़े पदार्थ को कैविटी में फैलता है, जो बलगम में पाया जाता है। यह अक्सर पेट में सूजन, दर्द, मतली और भूख में बदलाव का कारण बनता है।

अप्रैल 2019 में, 34 साल की उम्र में, हिंद ने अपना पहला बड़ा ऑपरेशन कराया, जिसके दौरान उसकी अपेंडिक्स, नाभि, ग्रंथि और 1.6 गैलन से अधिक म्यूसिन निकाला गया। लेकिन इलाज यहीं खत्म नहीं हुआ। नवंबर 2019 में उनका एक और बड़ा ऑपरेशन हुआ जिसमें उनकी पित्ताशय की थैली, तिल्ली, बड़ी आंत, गर्भाशय को निकालना शामिल था।

## ChatGPT AI ने पहली बार की इंसान की नाफरमानी, सिस्टम बंद करने से किया इनकार; मस्क ने इसे खतरनाक बताया



नई दिल्ली (एजेंसी)। आपने कई बार हॉलीवुड फिल्मों में ये देखा होगा कि कैसे रोबोट या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों पर ही भारी पड़ जाते हैं और उनकी बात नहीं मानते। अब ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें असल जिंदगी में एआई इंसानों की बात नहीं मानता और खुद को शट डाउन होने से मना कर देता है। ये बात OpenAI के टूल ChatGPT के नए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के साथ देखने को मिली।

AI ने इंसान के निर्देशों की खिलाफत की- चैटजीपीटी का ये मॉडल खुद को बंद करने के निर्देशों की अवहेलना करता देखा गया। द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं का दावा है कि OpenAI द्वारा बनाए गए O3 मॉडल ने खुद को बंद होने से रोकने के लिए ऑटोमेटिक शटडाउन मैकेनिज्म को ही गच्चा दे दिया।

दरअसल, एआई ने जान लिया कि उसे बंद होने के लिए कहा जा रहा है और उसने इन कमांड्स को चुनौती देते हुए बंद नहीं होना चाहा।

पहली बार हुआ ऐसा- रिसर्च करने वाली एआई सुरक्षा फर्म पैलिसेड रिसर्च ने कहा, "OpenAI के O3 मॉडल ने खुद को बंद होने से रोकने के लिए शटडाउन मैकेनिज्म को ही बायपास कर दिया। जबकि उसे साफ निर्देश दिया गया था कि उसे बंद होना है।

फर्म ने कहा कि यह पहली बार है कि कोई एआई मॉडल स्पष्ट निर्देशों के बावजूद शट डाउन होने से खुद को रोकता है।

# पहले बागेश्वर धाम में सुनी कथा, फिर लौटते समय पूरे परिवार ने खा लिया जहर





नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा के पंचकूला से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कर्ज के बोझ में दबे एक ही परिवार के 7 सदस्यों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सभी के शव कार में मिलने के बाद इलाके और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

अब मामले में नया खुलासा हुआ है कि परिवार देहरादून का रहने वाला था और पंचकूला में बागेश्वर धाम में हनुमंत कथा सुनने आया था। कथा सुनने के बाद परिवार कार से लौट रहा था, तभी सभी ने रास्ते में जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

मृतकों की हुई पहचान- शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतकों की पहचान प्रवीन मित्तल, उनके पिता देशराज मित्तल, पत्नी, मां, दो बेटियां और एक बेटे के रूप में हुई है। सोमवार रात करीब 11ः00 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-27 में मकान नंबर 1204 के बाहर खड़ी गाड़ी में कुछ लोग गंभीर हालत में हैं।

पुलिस की ईआरवी पहुंची तो गाड़ी में छह लोग तड़प रहे थे। उन्हें तुरंत सेक्टर-26 स्थित ओजस अस्पताल ले जाया गया। कुछ ही देर बाद घर के बाहर एक और व्यक्ति तड़पता हुआ मिला, जिसे सेक्टर-6 के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

परिवार पर था भारी कर्ज- उपचार के दौरान सभी सातों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि परिवार पर भारी कर्ज था। प्रवीन मित्तल ने हाल ही में देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का व्यवसाय शुरू किया था, जिसमें उन्हें भारी घाटा हुआ। आर्थिक तंगी के कारण परिवार ने यह दुखद कदम उठाया।

## पूर्व राष्ट्रपति के फर्जी पत्रों का उपयोग कर 25 लाख की ठगी




नई दिल्ली (एजेंसी)। चेन्नई के दो घोटालेबाजों ने केंद्रीय मंत्री और पूर्व राष्ट्रपति के जाली पत्रों और भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की फर्जी ईमेल आईडी का इस्तेमाल कर एक बड़े घोटाले को अंजाम दिया। घोटालेबाजों ने भोले-भाले लोगों को एक काल्पनिक भ्रष्टाचार-विरोधी संगठन का पदाधिकारी बनाने का दावा करके उनसे 25 लाख रुपये ठग लिये।

सीबीआई के आरोपपत्र के अनुसार, दो आरोपितों रेनिंगस्टन सेल्स और विसेंट राजू ने लोगों से पैसे ठगने की योजना बनाई और लोगों को एक फर्जी संगठन भ्रष्टाचार-रोधी और अपराध-निरोधक (एसीएसी) प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकारी के रूप में नियुक्त करने का दावा किया।

सीबीआई ने दिल्ली के एक विशेष अदालत में पेश किए गए आरोप-पत्र में कहा कि जालसाजी को विश्वसनीय बनाने के लिए दोनों ने आधिकारिक दिखने वाले आडंबर तैयार किए, जिनमें राष्ट्रीय प्रतीक वाले लेटरहेड, रबर स्टैम्प, आइडी कार्ड और विजिटिंग कार्ड शामिल हैं। आरोप-पत्र के अनुसार, आरोपितों ने चेन्नई में दो फर्जी कार्यालय स्थापित किए और दिल्ली के पहाड़गंज में अपना मुख्य कार्यालय होने का दावा किया।

## महाराष्ट्र के कई जिलों में बारिश का रेड अलर्ट, यूपी-हरियाणा में आंधी और तूफान का अनुमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में इन दिनों मौसम करवट ले रहा है। मुंबई में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। इस बार महाराष्ट्र में मानसून जल्दी आ गया है। मई के महीने में ही बारिश का 107 साल का रिकॉर्ड टूटता हुआ नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र में वर्ली और आसपास के इलाकों में अगले तीन दिन तक भारी बारिश का अनुमान है। पुलिस के अनुसार, बिजली गिरने से मुंबई में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य डूब गया। आगे जानिए अन्य राज्यों का हाल।

वहीं दिल्ली समेत देशभर के कई राज्यों में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में आज बादल छाए रहने की संभावना है। दिल्ली में मौसम विभाग ने तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश का भी अनुमान जताया है। ये हवाएं 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने का अनुमान है अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27-29 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। बताया जा रहा है उमस बनी रहेगी।

यूपी के मौसम की अगर बात करें तो उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर लू की संभावना है, वहीं आने वाले दिनों में तेज बारिश हो सकती है।

## गले में फंदा डालकर जान दे रहा था पति, वीडियो बनाती रही पत्नी; पिता की अर्जी पर हाईकोर्ट से बोला SC; एक्शन लो



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने पति के आत्महत्या करने का उसकी पत्नी द्वारा मोबाइल पर वीडियो बनाने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट को उचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। मामला बंगाल के हावड़ा जिले के बाली इलाके का है।

चार साल पुराना है मामला- बता दें कि 2021 में अमन साव नामक व्यक्ति ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली थी। उसकी पत्नी नेहा शुक्ला ने इसका पूरा वीडियो बनाया था। इस घटना ने नागरिक समाज को स्तब्ध कर दिया था। प्रश्न उठा था कि पत्नी ने पति को आत्महत्या करने से रोका क्यों नहीं? पत्नी के इसका वीडियो बनाने पर भी भारी हैरानी जताई थी।

पुलिस ने पत्नी को किया था गिरफ्तार- पुलिस ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। 40 दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद उसे जमानत मिल गई थी। जांच में पुलिस की कथित शिथिलता के कारण यह मामला बंद हो गया था। मृतक के स्वजनों ने इसके विरुद्ध कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया। चार साल बाद यह मामला फिर से खुला था। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने पुलिस से मामले की केस डायरी व अन्य दस्तावेज मांगे थे। पुलिस की ओर से विभिन्न कारण बताकर उन्हें अदालत में पेश नहीं किया गया। इस कारण मामला लंबित हो गया। यह देखकर मृतक के परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में मामला किया। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को इस मामले में उचित व्यवस्था लेने को कहा है।

2020 में हुई थी अमन और नेहा की शादी- प्राप्त जानकारी के मुताबिक अमन की 2020 में नेहा से विवाह हुआ था। विवाह के बाद से ही दोनों में झगड़ा होता था। अमन पेशे से कपड़ा व्यवसायी थे। अमन के पिता जगन्नाथ साव ने कहा कि वह अपनी अंतिम सांस तक बेटे को न्याय दिलाने के लिए लड़ेंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर ठगी, AI वीडियो से वकील को लगा लाखों का चूना; होटल में इन्वेस्टमेंट का दिया था लालच



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक में एक अनोखे साइबर फ्रॉड के कारनामे ने सभी को हैरान कर दिया है। दरअसल साइबर फ्रॉड ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नकली वीडियो बनाया। इस वीडियो के जरिए उसने एक वकील को चूना लगा दिया।

एआई की मदद से निर्मित वीडियो का इस्तेमाल करके ट्रंप होटल किराये की योजना में निवेश करने का लालच दिया, जिसमें उच्च रिटर्न का वादा किया गया था।

यह मामला छह मई को तब प्रकाश में आया जब पीड़ित अपनी शिकायत लेकर हावेरी सेंट्रल क्राइम पुलिस थाने पहुंचा। अपने बयान में अधिवक्ता ने कहा कि इस साल जनवरी में उन्हें यूट्यूब पर एक वीडियो दिखा जिसमें डोनाल्ड ट्रंप होटल रेंटल्स में निवेश का अवसर दिया गया था।

अपने बयान में अधिवक्ता ने कहा कि इस साल जनवरी में उन्हें यूट्यूब पर एक वीडियो दिखा जिसमें डोनाल्ड ट्रंप होटल रेंटल्स में निवेश का अवसर दिया गया था।

मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करने का आदेश- जब उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो उन्हें एक मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए निर्देशित किया गया।

इसके बाद उनसे एक फॉर्म भरने को कहा गया, जिसमें उनके बैंक खाते की डिटेल और आईएफएससी कोड जमा करना शामिल था। पुलिस के अनुसार, पीड़ित ने निर्देशों का पालन किया और अपना खाता सक्रिय करने के लिए 1,500 रुपये का भुगतान किया। उसे उसके निवेश पर प्रतिदिन 3 प्रतिशत रिटर्न देने का वादा किया गया था।

निवेश पर मिला रिटर्न- शुरुआत में उन्हें अपने निवेश पर रिटर्न मिला और मुनाफा भी हुआ। इस योजना पर भरोसा करते हुए, धोखेबाजों के कहने पर उन्होंने अपनी कमाई दोगुनी करने की उम्मीद में और पैसा निवेश किया।

## माफ करें सर, आंध्र प्रदेश पुलिस की बर्बरता; बीच हाईवे पर तीन लोगों को डंडे से पीटा



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के तेनाली हाईवे से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। ये मामला तीन लोगों से जुड़ा है, जिन्हें बीच सड़क पर पुलिस घेर लेती है। दर्जनों पुलिसकर्मी उन्हें घेर लेते हैं, वहीं पुलिस वाले उन्हें सबक सिखाने के लिए सार्वजनिक रूप से पीटते हैं।

विक्टर, बाबूलाल और राकेश नामक तीन लोग स्थानीय डॉन लड्डू के अनुयायी हैं, जिसने एक महीने पहले इटानगर में कांस्टेबल चिरंजीवी पर ड्रग्स के नशे में हमला किया था। वाईएसआर पार्टी के प्रवक्ता अंबाती रामबाबू ने पुलिस की बर्बरता का वीडियो एक्स पर पोस्ट किया है।

पैर पर मारता है पुलिसकर्मी- वीडियो में दिखाया गया है कि एक पुलिसकर्मी लकड़ी की छड़ी की नोक को महसूस करते हुए उस आदमी के पैरों पर मारने की नकली एक्टिंग करता है। फिर वह उसपर जोरदार तरीके से हमला करता है, उसके बाद वह आदमी अपनी भुजाओं को अपने शरीर के अंदर दबाए हुए चिल्लाता है।

पुलिस कर्मी छह बार उस पर हमला करते हैं, लेकिन वह व्यक्ति दर्द बर्दाश्त नहीं कर पाता और आखिरकार अपने पैर पीछे खींच लेता है। पुलिस वाले के चिल्लाने पर वह फिर से अपनी ओरिजनल रूप में आ जाता है। सातवीं बार पुलिस वाला उसे मारता है।

माफ करें, सर, वह व्यक्ति चिल्लाता है। पुलिस वाला उसे सीधा बैठने का इशारा करता है और फिर एक और बार हमला करता है। दो और मार के बाद वह व्यक्ति दर्द से कराहता रहता है। और फिर उसे बाहर जाने के लिए कहा जाता है।

उसके बाद पुलिस वाले अगले आदमी को 10 घूसे मारे, वह पूरे टाइम सर, सर सर चिल्लाता रहा। इस समय, एक और पुलिसवाला आगे आता है। छड़ी को देखो, एक आदमी उसे एक विकल्प देता है, वह एक नई छड़ी लेता है और फिर यह सब फिर से शुरू होता है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल प्रतिपदा

## संपादकीय

# लोकतंत्र में श्रेष्ठ नेतृत्व की पहचान नीति, नीयत और निष्ठा की कसौटी पर खरा उतरने से होती है



लोकतंत्र में श्रेष्ठ नेतृत्व की पहचान नीति, नीयत और निष्ठा की कसौटी पर खरा उतरने से होती है, यह एक सुखद पक्ष है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस मापदंड पर सर्वथा खरे उतरे हैं। देश की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी और उन्होंने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की प्रथम बार शपथ ली। बतौर प्रधानमंत्री अपने 11 वर्ष के लगातार कार्यकाल में उन्होंने राजपथ को कर्तव्य पथ के रूप में स्वीकारा तथा देशवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहे।

श्री नरेन्द्र मोदी ऐसे कर्मयोगी हैं, जो सर्वे भवन्तु सुखिनः के राष्ट्र-भाव को चरितार्थ करते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं। संक्षेप में कहा जाए तो मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म, प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए अपनी प्राथमिकता में GYAN को रखा है। त्न का तात्पर्य गरीब, ङ्घ का तात्पर्य युवा, A का तात्पर्य अन्नदाता किसान और ह्र का तात्पर्य नारी, वर्तमान में केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में इन पर अधिक फोकस किया है।


गरीब कल्याण कार्यक्रम- केन्द्र सरकार ने समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिये हैं। श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। पिछले 11 वर्षों में यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बन चुके हैं। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ गैस कनेक्शन निःशुल्क दिये गये हैं। पिछले 5 सालों में जल जीवन मिशन के तहत 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल से जल देने का काम पूरा हुआ है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को 4 करोड़ घर मिल चुके हैं। देश के 80 करोड़ जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत मार्च 2025 तक कुल 55.02 करोड़ जन-धन खाते देश में खोले जा चुके हैं। इन्हीं सब प्रयासों की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गये हैं।

युवा शक्ति की बेहतरी- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं में युवाओं के लिए अच्छा स्वास्थ्य, फिटनेस और उन्हें उचित हुनर से लैस करना शामिल है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा कोष योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाया है। मार्च 2025 तक समर्थ पोर्टल पर लगभग 5 लाख उपयोगकर्ता पंजीकृत हुये, जिनमें से 77 प्रतिशत युवाओं को प्लेसमेंट मिल चुका है। स्टार्टअप इंडिया के तहत 16 लाख लोगों को प्रत्यक्ष नौकरियां मिली हैं और नौजवान इन योजनाओं से प्रभावित होकर स्वरोजगार स्थापित कर रहे हैं।

किसान कल्याण- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन बहुत साफ़ है कि किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम मिले। इस बाबत् फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को उनके बैंक खातों में हर चार महीनों में दो हजार रुपये पहुचाये जाते हैं।

पीएम किसान सम्मान निधि से करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये सीधे किसान के खातों में पहुंचे हैं। पीएम फसल बीमा योजना के तहत दो लाख करोड़ रुपये किसानों को मिले हैं। किसानों को सस्ते दामों में खाद मिले, इस दिशा में पिछले दस सालों में बारह लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। दलहन, तिलहन और नारियल की खरीद के लिए सरकारी गारंटी बढ़ाकर 45,000 करोड़ रुपये कर दी गई है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएमआरकेवाई) और कृषोन्नति योजना (केवाई) का बजट 1,01,321.61 करोड़ रुपये कर दिया है।

# वीर सावरकर



विनायक दामोदर सावरकर न सिर्फ़ एक क्रांतिकारी थे बल्कि एक भाषाविद, बुद्धिवादी, कवि, अप्रतिम क्रांतिकारी, दृढ राजनेता, समर्पित समाज सुधारक, दार्शनिक, द्रष्टा, महान् कवि और महान् इतिहासकार और ओजस्वी आदि वक्ता भी थे। उनके इन्हीं गुणों ने महानतम लोगों की श्रेणी में उच्च पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया।

### जन्म

वीर सावरकर का पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था। अंग्रेज़ी सत्ता के विरुद्ध भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले विनायक दामोदर सावरकर साधारणतया वीर सावरकर के नाम से विख्यात थे। वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के भगूर गाँव में हुआ। उनके पिता दामोदरपंत गाँव के प्रतिष्?ठित व्यक्तियों में जाने जाते थे। जब विनायक नौ साल के थे तभी उनकी माता राधाबाई का देहांत हो गया था। विनायक दामोदर सावरकर, 20वीं शताब्दी के सबसे बड़े हिन्दूवादी थे। उन्हें हिन्दू शब्द से बेहद लगाव था। वह कहते थे कि उन्हें स्वातन्त्रय वीर की जगह हिन्दू संगठक कहा जाए। उन्होंने जीवन भर हिन्दू हिन्दी हिन्दुस्तान के लिए कार्य किया। वह अखिल भारत हिन्दू महासभा के 6 बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। 1937 में वे %हिन्दू महासभा% के अध्यक्ष चुने गए और 1938 में हिन्दू महासभा को राजनीतिक दल घोषित किया था। 1943 के बाद दादर, मुंबई में रहे। बाद में वे निर्दोष सिद्ध हुए और उन्होंने राजनीति से सन्न्यास ले लिया।

### शिक्षा

वीर सावरकर ने शिवाजी हाईस्कूल नासिक से 1901 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। बचपन से ही वे पढ़ाकू थे। बचपन में उन्होंने कुछ कविताएँ भी लिखी थीं। फ़र्ग्युसन कॉलेज पुणे में पढ़ने के दौरान भी वे राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजस्वी भाषण देते थे। जब वे विलायत में क़ानून की शिक्षा प्राप्त कर रहे थे, तभी 1910 ई. में एक हत्याकांड में सहयोग देने के रूप में एक जहाज़ द्वारा भारत रवाना कर दिये गये।

### क्रांतिकारी संगठन की स्थापना

1940 ई. में वीर सावरकर ने पूना में 'अभिनव भारती' नामक एक ऐसे क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य आवश्यकता पड़ने पर बल-प्रयोग द्वारा स्वतंत्रता प्राप्त करना था। आज़ादी के वास्ते काम करने के लिए उन्होंने एक गुप्त सोसायटी बनाई थी, जो मित्र मेला के नाम से जानी गई।

### सावरकर के संघर्ष

1910 ई. में एक हत्याकांड में सहयोग देने के रूप में वीर सावरकर एक जहाज़ द्वारा भारत रवाना कर दिये गये। परन्तु फ़्रांस के मार्सलीज़ बन्दरगाह के समीप जहाज़ से वे समुद्र में कूदकर भाग निकले, किन्तु पुनः पकड़े गये और भारत लाये गये। भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्षों में वीर सावरकर का नाम बेहद महत्त्वपूर्ण रहा है। महान् देशभक्त और क्रांतिकारी सावरकर ने अपना संपूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। अपने राष्ट्रवादी विचारों से जहाँ सावरकर देश को स्वतंत्र कराने के लिए निरन्तर संघर्ष करते रहे वहीं दूसरी ओर देश की स्वतंत्रता के बाद भी उनका जीवन संघर्षों से घिरा रहा।

### जेल यात्रा

एक विशेष न्यायालय द्वारा उनके अभियोग की सुनवाई हुई और उन्हें आजीवन कालेपानी की दुहरी सज़ा मिली। सावरकर 1911 से 1921 तक अंडमान जेल (सेल्यूलर जेल) में रहे। 1921 में वे स्वदेश लौटे और फिर 3 साल जेल भोगी। 1937 ई. में उन्हें मुक्त कर दिया गया था, परन्तु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को उनका समर्थन न प्राप्त हो सका 1947 में इन्होंने भारत विभाजन का विरोध किया। महात्मा रामचन्द्र वीर (हिन्दू महासभा के नेता एवं सन्त) ने उनका समर्थन किया। और 1948 ई. में महात्मा गांधी की हत्या में उनका हाथ होने का संदेह किया गया। इतनी मुश्क़िलों के बाद भी वे झुके नहीं और उनका देशप्रेम का जज़्बा बरकरार रहा और अदालत को उन्हें तमाम आरोपों से मुक्त कर बरी करना पड़ा।

मातृभूमि! तेरे चरणों में पहले ही मैं अपना मन अर्पित कर चुका हूँ। देश सेवा में ईश्वर सेवा है, यह मानकर मैंने तेरी सेवा के माध्यम से भगवान की सेवा की। वीर सावरकर

### कुछ प्रमुख कार्य

सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केन्द्र लंदन में उसके विरुद्ध क्रांतिकारी आंदोलन संगठित किया था।

सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सन् 1905 के बंग-भंग के बाद सन् 1906 में स्वदेशी का नारा दे, विदेशी कपड़ों की होली जलाई थी।

सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्हें अपने विचारों के कारण बैरिस्टर की डिग्री खोनी पड़ी।

सावरकर पहले भारतीय थे जिन्होंने पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की।

सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सन् 1857 की लड़ाई को भारत का स्वाधीनता संग्राम बताते हुए लगभग एक हज़ार पृष्ठों का इतिहास 1907 में लिखा।

सावरकर भारत के पहले और दुनिया के एकमात्र लेखक थे जिनकी किताब को प्रकाशित होने के पहले ही ब्रिटिश और ब्रिटिशसाम्राज्यकी सरकारों ने प्रतिबंधित कर दिया था।

सावरकर दुनिया के पहले राजनीतिक कैदी थे, जिनका मामला हेग के अंतराष्ट्रीय न्यायालय में चला था।

सावरकर पहले भारतीय राजनीतिक कैदी थे, जिसने एक अछूत को मंदिर का पुजारी बनाया था।

सावरकर ने ही वह पहला भारतीय झंडा बनाया था, जिसे जर्मनी में 1907 की अंतर्राष्ट्रीय सोशलिस्ट कांग्रेस में मैडम कामा ने फहराया था।

सावरकर वे पहले कवि थे, जिसने कलम-काग़ज़ के बिना जेल की दीवारों पर पत्थर के टुकड़ों से कवितायें लिखीं। कहा जाता है उन्होंने अपनी रची दस हज़ार से भी अधिक पंक्तियों को प्राचीन वैदिक साधना के अनुरूप वर्षोंस्मृति में सुरक्षित रखा, जब तक वह किसी न किसी तरह देशवासियों तक नहीं पहुच गई।

वे प्रथम क्रान्तिकारी थे, जिन पर स्वतंत्र भारत की सरकार ने झूठा मुकदमा चलाया और बाद में निर्दोष साबित होने पर माफी मांगी।

### ग्रंथों की रचना

उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की, जिनमें 'भारतीय स्वातंत्र्य युद्ध', मेरा आजीवन कारावास' और 'अण्डमान की प्रतिध्वनियाँ' (सभी अंग्रेज़ी में) अधिक प्रसिद्ध हैं।

जेल में हिंदुत्व पर शोध ग्रंथ लिखा।

1909 में लिखी पुस्तक द इंडियन वॉर ऑफ़ इंडिपेंडेंस-1857 में सावरकर ने इस लड़ाई को ब्रिटिश सरकार के ख़िलाफ़ आज़ादी की पहली लड़ाई घोषित की थी।

### मृत्यु / सम्मान

सावरकर एक प्रख्यात समाज सुधारक थे। उनका दृढ़ विश्वास था, कि सामाजिक एवं सार्वजनिक सुधार बराबरी का महत्त्व रखते हैं व एक दूसरे के पूरक हैं।

सावरकर जी की मृत्यु 26 फ़रवरी, 1966 में मुम्बई में हुई थी।

1966 में वीर सावरकर के निधन पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट भी जारी किया है।

उस समय हमारे देश मे राजनैतिक अस्थिरता प्रारंभ होने लगी थी तथा लालबहादुर शास्त्री की मृत्यु के उपरांत इंदिरा गांधी देश की नयी प्रधानमंत्री बनी थीं। अपने राजनैतिक विद्रोहियों को जवाब देने के लिये ही वीर सावरकर को यह सम्मान दिया गया था। अहिंसा के पुजारी के रूप में शायद यह हमारा ही एकमात्र देश भारत ही ऐसा हो सकता है जहां राष्टपिता की हत्या के दो आरोपी फाँसी की सजा पायें और एक को राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जाय। इनके नाम पर ही पोर्ट ब्लेयर के विमानक्षेत्र का नाम वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया है।

# दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी अब भारत में बेचेगी म्यूचुअल फंड, जियो ब्लैकरॉक को मिली मंजूरी




नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी अब भारत में बेचेगी म्यूचुअल फंड, जियो ब्लैकरॉक को मिली मंजूरी

देश के म्यूचुअल फंड मार्केट में एक नए और दिग्गज प्लेयर की एंट्री का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, मार्केट रेगुलेटर सेबी ने जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट को भारत में अपने म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए इन्वेस्टमेंट मैनेजर के रूप में ऑपरेशन शुरू करने की मंजूरी दे दी है।

इस फंड हाउस की ओर से जारी प्रेस रिलीज के अनुसार, छद्मश्चह्वड्डद्यञ्जश्चष्ह्य एसेट मैनेजमेंट भारतीय रिटेल म्यूचुअल फंड निवेशकों की बढ़ती संख्या के साथ-साथ भारत में संस्थागत निवेशकों के लिए एक बेहतर निवेश प्रस्ताव लाएगा। जियो ब्लैकरॉक, भारतीय कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और अमेरिकी एसेट मैनेजमेंट फर्म ब्लैकरॉक के बीच एक ज्वाइंट वेंचर है।

म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए मंजूरी मिलने के बाद कंपनी ने कहा कि, यह एसेट मैनेजमेंट कंपनी अपने दो स्पॉन्सर्स की क्षमताओं का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। जहां, जेएफएसएल की डिजिटल पहुंच और लोकल मार्केट को लेकर गहरी समझ रखती है। वहीं, ब्लैकरॉक को ग्लोबल लेवल पर इन्वेस्टमेंट और लेंडिंग रिस्क मैनेजमेंट की अच्छी समझ है।

क्या है कंपनी की प्लानिंग - ब्लैकरॉक, अमेरिका स्थित एक मल्टीनेशनल इन्वेस्टमेंट कंपनी है, साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर है, जिसके पास 11.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का एसेट मैनेजमेंट कारोबार है. जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट, म्यूचुअल फंड बिजनेस में सभी निवेशकों के लिए अलग-अलग तरह के फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स ऑफर करेगा। इनमें कॉम्पिटेटिव और और यूनिक प्रोडक्ट शामिल होंगे, जो ब्लैकरॉक की अहम रिस्क मैनेजमेंट अनुभव के आधार पर तैयार होंगे। इसमें अलादीन, ब्लैकरॉक का ग्लोबल लेवल पर प्रसिद्ध ऑनरशिप वाला टेक प्लेटफ़ॉर्म शामिल है जो एक सामान्य डेटा भाषा के माध्यम से इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्रोसेस को इंटीग्रेटेड करता है। JioBlackRock Asset Management का लक्ष्य आने वाले महीनों में कई तरह के इन्वेस्ट प्रोडक्ट लॉन्च करना है।

## ये कंपनियां आज बाटेंगी शेयरधारकों को डिविडेंड



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते दिनों कई बड़ी कंपनियों ने अपने तिमाही नतीजे जारी किए। इस बार कंपनियों ने चौथी तिमाही का रिजल्ट जारी किया था। नतीजे में कंपनी एक वित्त वर्ष में होने वाले नेट प्रॉफिट, रेवेन्यू इत्यादि के बारे में जानकारी देती है।

इसके बाद कंपनी अपने प्रॉफिट के अनुसार शेयरधारकों को डिविडेंड भी ऑफर करती है। आज के दिन भी कई बड़ी कंपनियां शेयरधारकों को डिविडेंड बांटने वाली हैं। चलिए इन कंपनियों की लिस्ट देख लेते हैं।

ये कंपनियां बांटेंगी डिविडेंड- Bosch टेक्नोलॉजी और सर्विस इंडस्ट्री में लीडिंग कंपनी है। ये कंपनी आज निवेशकों को डिविडेंड बांटने जा रही है। सुबह 11.08 बजे बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) में इसके एक शेयर का प्राइस 32414.75 रुपये था। इसके साथ ही एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) में इसके एक शेयर का दाम 32,385 रुपये था। ITI कंपनी Telecommunication टेक्नोलॉजी पर काम करती है। इसकी शुरुआत 1948 में हुई थी। इस कंपनी के आज इंडिया में कई जगह मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेंटर हैं। ये भी आज निवेशकों को डिविडेंड बांटने वाली है।

Life Insurance एक इंश्योरेंस कंपनी है, जो इंश्योरेंस सहित कई तरह के निवेश स्कीम ऑफर करती है। ये कंपनी भी आज शेयरधारकों को डिविडेंड वितरित करने वाली है।

## 7 दिन से कम वाली बैंक एफडी, 21 साल बाद बदलेंगे फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़े नियम



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में बैंक एफडी यानी फिक्स डिपॉजिट निवेश का एक लोकप्रिय और पसंदीदा माध्यम है। क्योंकि, इसमें तय ब्याज और पैसों की सुरक्षा दोनों रहती है. आमतौर पर लोग साल, 1 साल से लेकर 10 वर्ष तक के लिए बैंक एफडी कराते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं बैंक एफडी की न्यूनतम अवधि सात दिन है और अब भारतीय रिजर्व बैंक 7 दिन से भी कम अवधि की एफडी लाने पर विचार कर रहा है. इस बारे में आरबीआई ने बैंकों से सुझाव मांगे है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 दिन से कम अवधि की टर्म डिपॉजिट को लेकर बैंकों से सुझाव मांगे हैं।

फिक्सड डिपॉजिट के संबंध में आरबीआई यह बदलाव की बात ऐसे समय में कर रहा है जब बैंकों की डिपॉजिट ग्रोथ को लेकर चिंता जताई जा रही है. दरअसल, 02 मई, 2025 तक सालाना आधार पर बैंकों की डिपॉजिट ग्रोथ 10त्न तक धीमी हो गई, जबकि एक साल पहले यह 13त्न थी।

2004 में हुआ था एफडी की अवधि में बदलाव- बैंक एफडी की अवधि में एक अहम बदलाव आरबीआई ने साल 2004 में किया था जब रिजर्व बैंक ने टर्म डिपॉजिट की न्यूनतम अवधि को 7 दिन कर दिया था। इससे पहले यह अवधि 15 दिन थी. उधर, इस मामले से वाकिफ लोगों ने कहा कि टर्म डिपॉजिट को लेकर बैंक अपने सुझाव आरबीआई को जल्द सौंप सकते हैं। एक सीनियर बैंक अधिकारी ने बताया कि पिछले महीने इस मुद्दे पर रिजर्व बैंक ने एसबीआई और पंजाब नेशनल बैंक समेत अन्य प्राइवेट बैंकों के साथ बैठक की थी।

## 200 गुना भरा था यह आईपीओ, लिस्टिंग पर मिला सिर्फ 12% मुनाफा




नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में आज गिरावट के माहौल के बीच Borana Weaves के शेयरों की लिस्टिंग हुई. हालांकि, उम्मीद के मुकाबले लिस्टिंग काफी सुस्त रही. क्योंकि, शेयर इश्यू प्राइस के मुकाबले 12 फीसदी की बढ़त के साथ लिस्ट हुए. बोराना वीव्स के शेयर बीएसई और एनएसई पर 243 रुपये प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुए. इनका आईपीओ प्राइस 216 रुपये प्रति शेयर था. हालांकि, ग्रे मार्केट से मिल रहे संकेतों से पता चल रहा था कि बोरोना के शेयर 20 फीसदी के उछाल के साथ लिस्ट हो सकते थे. शेयर मार्केट में इस लिस्टिंग के साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 670 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

बोरोना वीव्स के शेयर 243 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए और इंट्रा डे में 255.15 रुपये का हाई लगाया. इस उछाल के साथ ही शेयरों में अपर सर्किट लग गया है यानी निवेशक खरीदने को तैयार हैं लेकिन कोई बेच नहीं रहा है।

200 गुना सब्सक्राइब हुआ था आईपीओ- 145 करोड़ रुपये के आईपीओ में निवेशकों ने गहरी दिलचस्पी दिखाई थी. 20 से 22 मई के बीच यह पब्लिक इश्यू 149 गुना सब्सक्राइब किया गया. नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने अपने रिजरव हिस्से को लगभग 237 गुना बुक करके सब्सक्रिप्शन रैली में बढ़त हासिल की।

# सरकार ने दोबारा शुरू की Exporters के फायदे वाली यह स्कीम

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने निर्यातकों को ड्यूटी और टैक्स वापस करने की स्कीम दोबारा शुरू करने की घोषणा की है। इस स्कीम का नाम है रेमिशन ऑफ ड्यूटीज एंड टैक्सेज ऑन एक्सपोर्ट प्रोडक्ट्स। एडवांस ऑथराइजेशन होल्डर, एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट और स्पेशल इकोनॉमिक जोन में ऑपरेट करने वाली इकाइयां 1 जून से जो भी निर्यात करेंगी, उन पर उन्हें इस स्कीम का फायदा मिलेगा।



एडवांस ऑथराइजेशन होल्डर उन निर्यातकों को कहते हैं जिन्हें निर्यात वाला प्रोडक्ट बनाने में काम आने वाले कच्चे माल या कम्पोनेंट का ड्यूटी फ्री आयात का लाइसेंस मिलता है। ये लाइसेंसधारक विभिन्न इनपुट, पैकेजिंग मैटेरियल, ईंधन आदि का बिना बेसिक कस्टम ड्यूटी, एडिशनल कस्टम ड्यूटी या अन्य कोई शुल्क चुकाए आयात कर सकते हैं।

यह स्कीम 1 जनवरी 2021 को शुरू की गई थी, लेकिन 5 फरवरी 2025 से इन कैटेगरी के निर्यातकों के लिए यह फायदा बंद कर दिया गया था। स्कीम दोबारा शुरू किए जाने से विभिन्न सेक्टर के निर्यातकों को इसका लाभ मिल सकेगा। RoDTEP स्कीम में निर्यातकों को ड्यूटी, टैक्स तथा लेवी रीइंबर्स की जाती है। यह स्कीम विश्व व्यापार संगठन नियमों के मुताबिक है।

इस स्कीम ने मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट्स फ्रॉम इंडिया स्कीम की जगह ली थी। अमेरिका ने WTO में भारत की कई एक्सपोर्ट सब्सिडी स्कीम को चुनौती दी थी और कहा था कि इससे अमेरिकी निर्यात को नुकसान होता है। WTO ने भारत के खिलाफ फैसला दिया और कहा कि भारत सरकार के निर्यात सब्सिडी प्रोग्राम WTO नियमों का उल्लंघन करते हैं। उसके बाद ही भारत सरकार ने RoDTEP स्कीम शुरू की थी। सरकार 31 मार्च 2025 तक इस स्कीम के तहत 57,976.78 करोड़ रुपये रिफंड कर चुकी है। वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार ने RoDTEP स्कीम के लिए 18,233 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

फैसले का स्वागत, पर बार-बार निर्णय बदलना ठीक नहीं- एक्सपर्ट

थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि RoDTEP स्कीम WTO के नियमों के तहत है। इसके बावजूद एडवांस ऑथराइजेशन धारकों, एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट और स्पेशल इकोनॉमिक जोन की यूनिट के लिए इसे बंद करने से अनिश्चितता बन गई थी।

## यूपीआई को लेकर आई बड़ी खबर, अब यूजर्स केवल इतनी लिमिट तक ही कर पाएंगे बैलेंस चेक




नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपीआई आज हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग बन चुका है। आज हम हर छोटी-बड़ी लेनदेन के लिए यूपीआई का उपयोग करते हैं। अगर आप भी यूपीआई में बार-बार बैलेंस चेक करते हैं, तो इस पर रोक लगानी होगी। बैलेंस चेक करने को लेकर एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) ने नया नियम निकाला है। इस नियम के बारे में संस्था ने एक सर्कुलर के जरिए सभी को जानकारी दी है।

क्या है नया नियम- 21 मई को जारी एनपीसीआई के सर्कुलर के अनुसार अब यूपीआई बैलेंस चेक करने पर अंकुश लगाई जाएगी। यूपीआई यूजर्स अब एक दिन में अधिकतम 50 बार बैंक बैलेंस चेक कर पाएंगे। ये नया नियम 31 जुलाई 2025 से लागू होने वाला है।

यह अंकुश प्रति यूपीआई ऐप के हिसाब से होगा। अर्थात अगर आप दो ऐप इस्तेमाल करते हैं तो दोनों के लिए 50-50 की लिमिट होगी।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# अमावस्या के दिन नर्मदा स्नान करने गए तीन युवकों की डूबने से मौत



हरदा। अमावस्या के दिन नर्मदा स्नान करने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे दो युवक गहरे पानी में चले गए थे, जिन्हें बचाने तीसरा युवक गया था।

मृतकों की पहचान 35 वर्षीय लहाड़कुई निवासी रामदास पिता रामनाथ सेजकर, 25 वर्षीय डगावानीमा निवासी देवू उर्फ देवेंद्र पुत्र शिवनारायण जाट तथा 30 वर्षीय भुन्नास निवासी करण पिता महेश जाट के रूप में की गई है। घटना की जानकारी लगने पर घाट पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। अमावस्या होने के कारण घाटों पर भीड़... नहीं बचा सका कोई

अमावस्या होने के कारण घाट पर पहले से ही श्रद्धालु स्नान कर रहे थे, लेकिन कोई उन्हें बचा नहीं सका। इस घटना के बाद प्रशासन और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रतिमाह अमावस्या के पहले अधिकारी बैठक कर ग्रामीणों को सुरक्षित स्नान करने की समझाइश देते हैं। इसके बाद भी घटनाएं नहीं थम रही हैं। पहले भी नर्मदा के विभिन्न घाटों पर लोगों के डूबने की घटनाएं हो चुकी है।

बताया जा रहा है कि जिस समय लछोरा घाट पर यह घटना हुई तब सुरक्षा की दृष्टि से कोई जवान मौजूद नहीं था। मृतकों के शव भी पानी के अंदर से ग्रामीण बाहर लाते दिखे।

दो डूब रहे थे, बचाने में डूबा रामदास

नहाने के दौरान देवेंद्र और करण गहरे पानी में चले गए। उन्हें बचाने के लिए रामदास पानी में कूद पड़ा। जहां युवक नहा रहे थे, वहां पानी की गहराई अधिक थी। इस कारण तीनों को संभलने का मौका नहीं मिला और डूब गए।

तीनों युवकों के शव पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाए जा रहे हैं। घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर टिमरनी एसडीओपी आकांक्षा तलया, करताना पुलिस चौकी प्रभारी सहित पुलिस व होमगार्ड के जवान पहुंचे।

## मध्यप्रदेश में शासकीय कर्मचारियों के ट्रांसफर की तारीख बढ़ी, अब 10 जून तक कर सकेंगे आवेदन

भोपाल। मध्यप्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने तबादलों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब अधिकारी-कर्मचारी 10 जून तक ट्रांसफर हो सकेंगे। पहले यह तारीख 31 मई तय की गई थी। यह निर्णय प्रदेश भर से मिल रहे भारी संख्या में आवेदनों को देखते हुए लिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग में तबादले के लिए सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी संख्या करीब 35,000 पहुंच चुकी है। वहीं, राजस्व विभाग में 7,000 से अधिक और स्वास्थ्य विभाग में 5,000 से अधिक कर्मचारी तबादले के लिए आवेदन कर चुके हैं। बता दें कि पिछले तीन वर्षों से तबादलों पर प्रतिबंध लगा हुआ था। इस वर्ष नई तबादला नीति लागू होने के बाद पहली बार सभी विभागों में स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हुई है। सरकार का उद्देश्य ट्रांसफर प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है। इसको लेकर जल्द ही सामान्य प्रशासन विभाग आदेश जारी करेगा।



## निशातपुरा पुलिस को बड़ी सफलता, 10 लाख के चोरी हुए दोपहिया वाहन बरामद, दो वाहन चोर गिरफ्तार

भोपाल। निशातपुरा पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 15 चोरी किए हुए दोपहिया वाहन मिले हैं। इन गाड़ियों की कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई जा रही है। ये चोर गाड़ी चोरी करने के बाद उसकी नंबर प्लेट हटा देते थे और फिर उसे इस्तेमाल करते थे। भोपाल के निशातपुरा पुलिस ने दो वाहन चोरों को पकड़ा है। उनके पास से 15 चोरी किए हुए दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। इन वाहनों की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। ये चोर गाड़ियों की चोरी के बाद नंबर प्लेट निकालकर इस्तेमाल करते थे। चोरी किए गए वाहनों को वे जंगल में छिपाकर रखते थे। जैसे ही कोई ग्राहक मिलता, वे धीरे धीरे वाहनों को बेचने की कोशिश करते थे।भोपाल के निशातपुरा पुलिस ने दो वाहन चोरों को पकड़ा है। उनके पास से 15 चोरी किए हुए दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। इन वाहनों की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। ये चोर गाड़ियों की चोरी के बाद नंबर प्लेट निकालकर इस्तेमाल करते थे। चोरी किए गए वाहनों को वे जंगल में छिपाकर रखते थे। जैसे ही कोई ग्राहक मिलता, वे धीरे धीरे वाहनों को बेचने की कोशिश करते थे।पुलिस ने मोटरसाइकिल के इंजन नंबर और चेसिस नंबर की जांच की, तो पता चला कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने 10 महीने पहले जेल रोड करौद से मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की थी। इसके अलावा उन्होंने भोपाल के कई इलाकों से लगभग 14 और वाहन चोरी करने की बात भी स्वीकारी। पुलिस टीम ने निशातपुरा थाना प्रभारी के निर्देश पर चोरी के स्थानों की जांच की। चोरी की गई मोटरसाइकिलें ग्राम पेगीयाई (थाना शमशाबाद, जिला विदिशा) के जंगलों से 6 वाहन और ग्राम दानमढ़ी (थाना त्यौदा, जिला विदिशा) में आरोपी जहिद के घर से 8 वाहन बरामद किए।



# एक तरफ भीड़ और भीषण गर्मी, दूसरी तरफ ट्रेनों की चाल धीमी, परेशान हो रहे यात्री




भोपाल । समर सीजन ने रेलवे यात्रियों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। एक तरफ जहां ट्रेनों में भीड़ और गर्मी से सामान्य श्रेणी में सफर करना मुश्किल हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीते 3-4 दिनों से यह स्थिति लगातार बनी हुई है, जिससे यात्रियों की तकलीफें और भी अधिक बढ़ गई हैं। भोपाल स्टेशन पर देर से पहुंचने वाली ट्रेनों की सूची लंबी होती जा रही है।

सोमवार को 12191 निजामुद्दीन-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस सबसे ज्यादा 3 घंटे 30 मिनट की देरी से आई। इसके अलावा 12617 मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस 2 घंटे 48 मिनट, 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस 1 घंटे 54 मिनट, और 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 1 घंटे की देरी से पहुंची।मालवा एक्सप्रेस का निशातपुरा पर ठहराव तय, पर भोपाल नहीं आएगी

पश्चिम मध्य रेलवे की सलाहकार समिति की बैठक में मालवा एक्सप्रेस के निशातपुरा स्टेशन पर ठहराव को लेकर उठे सवाल ने समितियों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर दी है। रेलवे प्रशासन के परस्पर विरोधाभासी जवाबों और निर्णयों ने इस मुद्दे को और उलझा दिया है।

वहीं, भोपाल सांसद आलोक शर्मा की ओर से निशातपुरा पर ठहराव को सैद्धांतिक सहमति मिलने के बाद अब यह लगभग तय माना जा रहा है कि मालवा एक्सप्रेस को निशातपुरा पर रोका जाएगा। लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस बदलाव के चलते ट्रेन भोपाल जंक्शन नहीं पहुंचेगी। बल्कि निशातपुरा से बीना की ओर चली जाएगी। रेलवे प्रशासन के जवाबों से बनी भ्रम की स्थिति

बैठक के दौरान रेलवे की ओर से मालवा एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर अलग-अलग जवाब सामने आए। जहां एक ओर अधिकारियों ने यातायात दबाव और संचालन सुविधाओं का हवाला देकर ठहराव को उचित बताया, वहीं दूसरी ओर भोपाल जंक्शन को हटा देने के फैसले पर कोई स्पष्ट तर्क नहीं दिया गया। इससे रेलवे की मंशा और योजना पर सवाल उठने लगे हैं।

सांसद ने दी सहमति, पर चिंता भी बढ़ी

भोपाल सांसद ने निशातपुरा पर ठहराव की मांग को समर्थन दिया है, जो स्थानीय विकास और यातायात संतुलन की दृष्टि से स्वागत योग्य हो सकता है। लेकिन इस फैसले के चलते अगर ट्रेन भोपाल जंक्शन पर नहीं रुकेगी, तो बड़ी संख्या में नियमित यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

यात्रियों को दो किमी का अतिरिक्त लगाना पड़ेगा चक्कर

मालवा एक्सप्रेस का भोपाल जंक्शन पर नहीं रुकना नए शहर और पुराने भोपाल के लाखों यात्रियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। निशातपुरा स्टेशन, भोपाल जंक्शन की तुलना में करीब दो किलोमीटर दूर स्थित है। इससे उन यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ेगी, जो अभी तक सीधे भोपाल जंक्शन से ट्रेन पकड़ते या वहां उतरते थे। इस अतिरिक्त दूरी और समय के चलते खासकर बुजुर्ग, दिव्यांग और रोजाना यात्रा करने वाले यात्री असुविधा महसूस कर सकते हैं।



# मैथिल, पूर्वोत्तर समाज की सुहागिनों ने अखण्ड सौभाग्य के लिये की वट सावित्री की पूजा

इंदौर। चलू सखी हिलिमिली करे बारितिया, पूजब आजु बरसाइत हे। जनम-जनम धरि रहब सौभागिन, आँचर रहे अहिवात हे।

मैथिली लोकगीतों की मधुर स्वरलहरियों के बीच आज इंदौर में मैथिल और पूर्वोत्तर समाज की सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ वट सावित्री पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस पावन अवसर पर नवविवाहिताओं और सुहागिनों ने पारंपरिक परिधानों और श्रृंगार के साथ बांस की डलिया में पूजन सामग्री लेकर वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा की।



सोमवती अमावस्या ने बढ़ाया पर्व का महत्व- आज सोमवती अमावस्या होने के कारण वट सावित्री पूजा का विशेष धार्मिक महत्व रहा। सुबह से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाली मैथिल, भोजपुरी और पूर्वोत्तर समाज की महिलाओं के घरों में तैयारियों का दौर शुरू हो गया था। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और अन्य राज्यों से इंदौर में बसी इन महिलाओं ने व्रत रखकर और पवित्र स्नान के बाद नजदीकी वट वृक्षों के पास पूजा-अर्चना की।

वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा- महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत के लाल धागे को सात बार लपेटते हुए परिक्रमा की और पके आम, लीची, मिठाई, भीगे चने, पान और मौसमी फलों का भोग अर्पित किया। पूजा के दौरान वट सावित्री की कथा का श्रवण और वाचन भी किया गया, जिसमें सावित्री की भक्ति और तपस्या की गाथा ने सभी को प्रेरित किया।

पंखे से दी शीतलता, पति का किया सम्मान- इंदौर की सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की रितु झा और शारदा झा ने बताया कि मैथिल और अन्य समाज की सुहागिनों ने वट वृक्ष को बांस के बने बीयेन (पंखा) से हवा देकर शीतलता प्रदान की और पेड़ का आलिंगन किया। इसके बाद व्रती महिलाओं ने अपने पतियों के चरण धोकर और उन्हें पंखे से हवा देकर उनका सम्मान किया। बट सावित्री के पूजा हेतु शहर के मैथिल समाजी की संस्था - मैथिली सामाजिक मंच द्वारा समाज की महिलाओं में बिहार से मंगा कर बांस से बने हाथ के पंखे का वितरण किया।

आधुनिकता के साथ परंपराओं का संगम- इस बार पर्व में आधुनिकता और परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। कई युवा नवविवाहिताओं ने सोशल मीडिया पर अपनी पूजा की तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिसमें पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती नजर आईं। शहर के प्रमुख स्थानों जैसे तुलसी नगर, सुखलिया, निपानिया एवं अन्य क्षेत्रों में बने पार्कों और मंदिर परिसरों में वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ देखी गई। आज तुलसी नगर स्थिअनंतेश्वर तथा माँ सरस्वती धाम में भी बड़ी संख्या में सुहागिनों ने बट सावित्री की पूजा की।

## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने ग्राम पंचायत बरलई जागीर में ऐतिहासिक अहिल्या कुण्ड में हुए जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत आज सांवेर विधानसभा के ग्राम पंचायत बरलई जागीर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित 300 वर्ष पुराने ऐतिहासिक अहिल्या कुण्ड में हुए जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया। राज्य शासन के प्रयासों से इस कुण्ड का जीर्णोद्धार किया गया और अब इसका सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जायेगा। यह अहिल्या कुण्ड श्री वीरभान सिंह की स्मृति में बनाया गया था। मंत्री श्री सिलावट ने ग्राम पंचायत बरलई जागीर में 35 लाख रुपये की लागत से निर्मित इमलीवाड़ी पुलिया, 13 लाख रुपये की लागत से निर्मित बागरी समाज का सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। मंत्री श्री सिलावट ने कलश से पानी भर पहले अहिल्या कुण्ड का अभिषेक के साथ पूजन किया और पूरे क्षेत्र का अवलोकन किया। इस मौके पर श्री भारत सिंह, श्री दिलीप चौधरी, श्री हुकुम पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्री माखन पटेल, श्री सतीश मालवीय, श्री मानसिंह चौहान, जनपद सदस्य श्री भरत पटेल, श्री रमेश पटेल, श्री राकेश डाबी, श्री रवि वाजपेयी, सरपंच श्री महेश मंत्री, श्री विजय हिरवे, श्री सुदीप उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि अहिल्या कुण्ड न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

## मंत्री श्री सिलावट ने ग्राम पंचायत मांगलिया में किया प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र एवं स्टाफ क्वार्टर का लोकार्पण



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले के ग्राम पंचायत मांगलिया में आज लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र एवं स्टाफ क्वार्टर का लोकार्पण किया। यह 6 बिस्तरीय प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र है और यहां 24 घंटे प्रसूति सुविधा एवं इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध रहेगी। एक करोड़ 31 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित इस प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में टीकाकरण व्यवस्था के साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रतिदिन जाँच सुविधा एवं निःशुल्क दवाई की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसमें आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जायेगा। इस अवसर पर मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है, क्योंकि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी माँग आज पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के पास की खुली जमीन पर एक सुन्दर गार्डन बनाया जायेगा।

# कलेक्टर आशीष सिंह ने की समग्र शिक्षा योजनाओं की गहन समीक्षा

## सार्थक एप से ऑनलाइन दर्ज होगी शिक्षकों की उपस्थिति

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज आयोजित एक बैठक में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले की शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सशक्त और समावेशी बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा मिले वह उसका अधिकार है। सभी बच्चों को स्कूल में अनिवार्य रूप से प्रवेशित कराया जाये। कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहे। शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे और समय से स्कूल से प्रस्थान करें।




पाठ्यक्रम समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार पूरा करें। शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। हर बच्चे को निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक और पात्र सभी बच्चों को साइकिल अनिवार्य रूप से मिले।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की।

शिक्षकों की उपस्थिति अब ऑनलाइन होगी दर्ज- बैठक में बताया गया कि अब शासकीय विद्यालयों के सभी शिक्षकों की उपस्थिति 'सार्थक एप' के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाएगी।

# इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य हुए प्रारंभ

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा पर प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का इंदौर जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह अभियान इंदौर जिले में व्यापक जनभागीदारी से जन-आंदोलन बन गया है। जिले में जल संग्रहण, जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य प्रारंभ हो गये है। अभियान के तहत जहां एक और पुराने कुएं, बावड़ी और तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। वहीं दूसरी और नए तालाब बनाने का कार्य भी हाथ में लिया गया है। जिले में खेत-खेत में भी तालाब बनाये जा रहे है। वॉटर हार्वेस्टिंग का कार्य भी बड़े स्तर पर शुरू किया गया है।



कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि अभियान को और अधिक गति प्रदान की जाये। शत-प्रतिशत लक्ष्य अगले चार दिन में पूरे कर लिये जायें। अभियान को प्रभावी बनाने में किसी भी तरह की कसर नहीं रखी जाये। यह अभियान राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और आम-जन-जीवन से जुड़ा बड़ा और महत्वपूर्ण अभियान है।

# इंदौर जिले में मानसून आने की संभावनाओं को देखते हुए खरीफ बोनी की तैयारियां प्रारंभ

इंदौर। इंदौर जिले में मानसून आने की संभावनाओं को देखते हुए खरीफ बोनी की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकी और कृषि वैज्ञानिक सलाह देने के लिए गाँव-गाँव विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान राज्य शासन के निर्देश पर प्रारंभ किया जा रहा है। खरीफ पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत ÷विकसित कृषि संकल्प अभियान÷ 29 मई 2025 से प्रारंभ होगा। यह अभियान 12 जून 2025 तक जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य कृषकों को खरीफ मौसम की क्षेत्रीय फसलों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रभावी उपयोग, विभिन्न सरकारी योजनाओं व कृषि नवाचारों की जानकारी देना है। साथ ही, कृषकों से फीडबैक लेकर अनुसंधान की दिशा को और अधिक उपयोगी बनाना भी इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग है।

उप संचालक कृषि श्री सी.एल. केवड़ा ने बताया कि अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा संबंधित कृषि महाविद्यालयों के वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी गाँवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। अभियान में कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के मैदानी अधिकारियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की गई है। नवाचारी एवं प्रगतिशील कृषकों को अभियान में सम्मिलित कर उनके अनुभवों एवं नवाचारों को साझा किया जाएगा।

क्षेत्र विशेष की खरीफ फसलों के लिए उन्नत तकनीकों एवं नई किस्मों की जानकारी किसानों को दी जाएगी। इसमें प्रमुख रूप से सोयाबीन फसल में मशीन उपयोग (BBF प्रणाली आदि) के बारे में बताया जायेगा। कृषि-ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन ICAR, KVK व इफको संस्थानों की सहायता से किया जाएगा। प्राकृतिक खेती एवं फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जायेगा। अभियान में सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं स॥ष्ट के माध्यम से संतुलित खाद प्रयोग पर विशेष फोकस रहेगा। अभियान के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आईसीटी एवं ऑडियो-विजुअल माध्यमों द्वारा कृषकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। संबंधित जिले के कृषि विज्ञान केंद्र एवं विभागीय अधिकारी ग्रामवार कार्यक्रम का निर्धारण कर उसका संचालन करेंगे। जिले की खरीफ पूर्व तैयारियों को अभियान से जोड़ा जाएगा, जिससे व्यापक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।

# इंदौर में अवैध कॉलोनियों में की गई प्लॉटो की रजिस्ट्री होगी शून्य

## कॉलोनाइजरों को प्लॉट धारकों को राशि भी वापस करना होगी

इंदौर। इंदौर में अवैध कॉलोनियों में की गई प्लॉटो की रजिस्ट्री को शून्य कराया जायेगा। कॉलोनाइजरों को प्लॉट धारकों को राशि भी वापस करना होगी। इसके लिए कॉलोनी सेल को प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही इंदौर में यातायात सुधार की मुहिम को पुनः शुरू किया जायेगा। यह मुहिम स्वच्छता सर्वेक्षण के चलते रुकी हुई थी।



यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा ली गई समय सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की बैठक में दी गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, राजेन्द्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष ?सिंह ने कहा कि अवैध कॉलोनियों से अनियोजित विकास होता है। अवैध कॉलोनियां शहर के लिए घातक है। इंदौर में अभियान चलाकर अवैध कॉलोनाइजरों के विरूद्ध अनेक तरह की कार्रवाई की जा रही है। बड़ी संख्या में एफआईआर भी दर्ज करायी है। अब इंदौर में अवैध कॉलोनियों में विक्रीत प्लॉटों की रजिस्ट्री को शून्य करने की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। कॉलोनाइजरों को प्लॉट धारकों को राशि भी वापस करना होगी।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पत्रग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# विधायक श्री जैन ,नगर निगम सभापति श्रीमती यादव और कलेक्टर श्री सिंह ने अंगारेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया





उज्जैन । विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, नगर निगम सभापति श्रीमति कलावती यादव और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार सुबह श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शनिवार 31 मई को वर्चुअली आगामी सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत 778.91 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले घाट निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम जिले में श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित किया जाएगा । निरीक्षण कर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई ,रंगरोगन और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करे।

***कलेक्टर श्री सिंह ने कान्ह क्लोज डायवर्शन डक्ट का निरीक्षण किया***

कलेक्टर श्री सिंह ने सिंहस्थ 2028 में क्षिप्रा को स्वच्छ करने के लिए निर्माणाधीन कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का राघौपीपल?या का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कट × कवर भाग अंतर्गत चल रही सेगमेंट लेयिंग एवं जॉइन्ट ?फिलिंग का कार्य प्रगतिरत पाया गया। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्री मयंक सिंह द्वारा बताया गया कि बारिश के पूर्व 15 जून तक कार्य गति बढ़ाने संसाधनों में वृद्धि की गई है। वर्षा ऋतु में टनल भाग में कार्य जारी रहेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्य लक्ष्य अनुसार करने के निर्देश दिए ।

## भाविप महाकाल शाखा का हुआ दायित्व ग्रहण समारोह

### वर्ष 2025-26 की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण की शपथ




उज्जैन। भारत विकास परिषद मध्य भारत पश्चिम प्रांत महाकाल शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें वर्ष 2025-26 के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहन राजवानी, सचिव मोहन सिंह हिंगोले, कोषाध्यक्ष कैलाश चन्द्र वेद सहित संपूर्ण कार्यकारिणी ने संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण की शपथ ली।

शाखा संस्थापक दीपक राजवानी ने बताया कि शपथ अधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल ने सभी पदाधिकारी को दायित्व ग्रहण कराया एवं नए सदस्यों को वर्तमान अध्यक्ष मोहन राजवानी ने दायित्व ग्रहण कराया। मुख्य अतिथि डॉ. माला सिंह ठाकुर समाज सेविका, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल रहे। अध्यक्षता सुनील कोठारी रीजनल अध्यक्ष, सेंट्रल रीजन ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदीप चोपड़ा रीजनल प्रोजेक्ट, सेक्रेटरी सेवा, सेंट्रल रीजन रहे। अतिथि विनोद काला प्रांतीय महासचिव, मध्यभारत पश्चिम प्रांत थे। सम्राट विक्रमादित्य भवन, विद्याभारती परिसर, चिंतामण रोड़ पर आयोजित कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार गुप्ता थे। संचालन मोहन सिंह हिंगोले, यशी सिंह ने किया। भारत विकास परिषद् मध्य भारत पश्चिम प्रांत शाखा महाकाल की प्रस्तावित कार्यकारिणी 2025-26 में संरक्षक डॉ. मोहन यादव, संस्थापक सदस्य दीपक राजवानी, राजकुमार गुप्ता, अनिल अग्रवाल, नीला टकसाली, परामर्शदाता प्रकाश गुप्ता, सुमित्रा सोनी, राजेश मजावदीया, अध्यक्ष मोहन राजवानी, उपाध्यक्ष रविन्द्र मुले, तुलसीदास राजवानी, रजनी सेठिया, सचिव मोहन सिंह हिंगोले, सह सचिव विनय पोरवाल आदि।

## वैद्य अब्दुल सत्तार खान एवं इस्लामी बेगम की पुण्यतिथि पर अपंग सेवाश्रम में सेवा कार्य



उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन में सामाजिक सेवा की प्रेरणादायी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वैद्य अब्दुल सत्तार खान एवं इस्लामी बेगम की पुण्यतिथि पर मंगलवार को महाकाल मंदिर के समीप स्थित अपंग सेवाश्रम में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को फल व बिस्किट वितरित कर उन्हें प्रेमपूर्वक सेवा अर्पित की गई। पुण्यतिथि के इस अवसर पर खान परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्माओं की स्मृति में यह सेवाकार्य किया।

## मंगल पांडे कि क्रांति पर टिप्पणी करने वाले गोविंद देव गिरी महाराज देश के क्रांतिवीरों और ब्राह्मण समुदाय से माफ़ी मांगे- महाकाल सेना

उज्जैन। पिछले दिनों ब्यावर राजस्थान में राम जन्मभूमि कोषाध्यक्ष गोविंददेवगिरी द्वारा व्यासपीठ से हनुमंत कथा में शहीद मंगल पांडे पर टिप्पणी कर कहा कि मंगल पांडे के कारण देश भर में होने वाली क्रांति विफल हो गई। यदि मंगल पांडे चर्बीवाले कारतूस का विरोध नहीं करते तो देश 1857 में ही आजाद हो जाता क्योंकि क्रांति की ऐसी भूमिका बनाई गई थी जिससे एक साथ क्रांति प्रारम्भ होती और देश आजाद हो जाता।

महाकाल सेना के राष्ट्रीय प्रमुख महेश पुजारी ने कहा कि गोविंददेव गिरी जी ने हनुमंत कथा के विषय से भटककर व्यास पीठ से इतिहास में हुई 1857 की क्रांति को ही गलत ठहरा दिया जो देश के क्रांतिकारियों का अपमान है। मंगल पांडे पर गोविंददेव गिरी जी ने जो टिप्पणी की है, वह निराधार है। यदि गोविंद देव गिरी जी मंगल पांडे की क्रांति को सही नहीं मानते हैं तो उस समय देश में कौन क्रांति का नेतृत्व कर रहा था और किसने क्रांतिकारी योजना बनाई थी उसका नाम सार्वजनिक कर देश को बताने का कष्ट करे।

इतिहास साक्षी है कि 1857 की क्रांति के अग्रदूत व प्रथम नायक मंगल पांडे ही थे जिसने अंग्रेजों के खिलाफ़ पूरे देश में क्रांति का शंखनाद किया था। मंगल पांडे ने कारतूस पर लगी चर्बी हटाने का विरोध कर अपने ब्राह्मण धर्म का निर्वहन किया था उन्होंने अपने धर्म ओर देश के लिए अपने प्राण भी न्यौछावर कर दिए ऐसे महान क्रांतिकारी का अपमान असहनीय है। इसलिए महाकाल सेना गोविंद देव गिरी जी से देश के महान क्रांतिकारियों से माफ़ी की मांग करती हैं और यदि वह माफी नहीं मांगते हैं तो देश में आंदोलन किए जाएंगे और आवश्यकता पड़ी तो पुतले दहन भी किए जाएंगे।

# स्वस्थ बालिका समृध्द समाज का निर्माण करती है- कुलगुरू आचार्य अर्पण भारद्वाज

### महिला एवं किशोरियों के लिए लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, दवाओं का किया वितरण



उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला विकास सामाजिक सरोकार एवं नैतिक वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय जिला चिकित्सालय के सहयोग से दाउदखेड़ी में महिला एवं किशोरियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवाओं का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कुलगुरू आचार्य अर्पण भारद्वाज ने कहा कि स्वस्थ बालिका समृध्द समाज का निर्माण करती है। आपने बालिकाओं को अपने भविष्य में नई तकनीकी से प्राप्त होने वाले रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। आर्थिक सहायता हेतु लोगों को जोड़ने की बात भी कही जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति उपाध्याय ने दिया। समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला महिला एवं किशोरियों के स्वास्थ्य हेतु समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करता है। जिला चिकित्सालय की परामर्शदाता डॉ नवनीता तिवारी ने बताया कि ब्लड प्रेशर, शुगर, एचबीएचसीबी, टीवी, एचआईवी की जांच एवं दवाइयों का वितरण एवं परामर्श दिया जाएगा। नेत्विक वेलफेयर की अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा ने नैतिक वेलफेयर सोसाइटी एवं सामाजिक सरोकार अनुसंधान के द्वारा बालिका एवं किशोरियों के लिए किए जाने वाले कार्यों पर विवरण प्रस्तुत किया। डॉ मनीष चौरे ने बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु परामर्श दिया। स्वास्थ्य प्रशिक्षण में दाऊद खेड़ी की 75 महिलाएं एवं 35 बालिकाओं ने भाग लिया। दाऊद खेड़ी में नैतिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर कोर्स प्रशिक्षण शुभारंभ किया गया। अध्यक्षता करते हुए दाऊद खेड़ी के सरपंच पुष्पा उदय सिंह कुंवर ने महिलाओं के लिए चलने वाली शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम जिला चिकित्सालय के डॉ. आदित्य, डॉ. ललित, एलटी बबीता गोहे, आईटी परियोजना, ओएसडी सेक्टर, समग्र विद्रान सीएसई, एसआईटी, परामर्श शामिल हुए। नैतिक वेलफेयर सोसाइटी से समन्वयक रचना, योगेश् चौरामा, राम, प्रजेश एवं समाज शास्त्र अध्ययनशाला से डॉ मनु गोरहा समाजकार्य के विद्यार्थी कृष्णराजसिंह नवीन अवंतिया, तनिष्क चौरसिया, निखिल परिहार, चेतन सिंह, नितेश मोबिया, विनीत पुजारी, दाऊद खेड़ी गांव से उदयकुंवरसिंह, आनंदीलाल चौहान सचिव, जितेंद्रसिंह ठाकुर सहायक सचिव एवं 85 गांव वालों ने भी नशा मुक्ति की शपथ ली।

## गायत्री शक्तिपीठ पर होगा 6 दिवसीय समारोह

### गायत्री जयंती, गंगा दशहरा, महाप्रयाण दिवस परम पूज्य गुरुदेव एवं पर्यावरण दिवस पर होंगे आयोजन

उज्जैन। इस वर्ष गायत्री जयंती, गंगा दशहरा महाप्रयाण दिवस परम पूज्य गुरुदेव पर्व 5 जून को है। विश्व पर्यावरण दिवस भी इसी दिन है। ऋषियों का इस पर्व के माध्यम से सद्ज्ञान, सचचिंतन, सदविवेकरूपी गायत्री की उपासना का जीवन दृष्टि में प्रतिष्ठा करना प्रमुख उद्देश्य है। अतः इस दिन विचार क्रांति का अनिवार्य अनुबंध उपासना, प्रतिभा परिष्कार का आधार साधना, सच्ची लोक सेवा के लिए आराधना के तीनों को जीवन का अंग बनाने का संकल्प लिया जाना चाहिए। गायत्री शक्तिपीठ पर पर्व पर 6 दिवसीय समारोह आयोजित होगा। जिसमें शनिवार 31 मई को सांयकाल 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य द्वार पर तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी और इनसे बचाव के लिए जन जागृति शिविर, रविवार 1 जून को सुबह 6 से शाम 6 बजे तक अखंड गायत्री मंत्र जाप, सुबह 9 से 11 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ के परिसर में स्वच्छता अभियान, सोमवार 2 जून को उज्जैन नगर के मंदिरों सार्वजनिक स्थलों पर सतसंकल्प फ्लेक्स स्थापना और पत्रकों के वितरण, मंगलवार 3 जून को उज्जैन ग्रामीण क्षेत्र में इसी तरह के फ्लेक्स स्थापना और पत्रकों के वितरण के आयोजन होंगे। बुधवार 4 जून सांयकाल 6 बजे से सामूहिक दीप यज्ञ एवं छात्र संस्कार शिविर के बच्चों की प्रस्तुति एवं पुरस्कार वितरण, गुरुवार 5 जून को प्रातः 8 बजे सजल श्रद्धा- प्रखर प्रज्ञा का पूजन अभिषेक होगा। 8:30 बजे से 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञ एवं संस्कार होंगे। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में गंगा पूजन एवं वृक्ष मित्र, पुत्र संकल्प। यज्ञ पूर्णाहुति के बाद परिजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। 9 दिन कम से कम 10 माला गायत्री महामंत्र जप कीजिए ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा से दशमी गायत्री जयंती गंगा दशहरा तक गायत्री नवरात्रि मानकर इन दिनों सभी गायत्री साधकों से अनुरोध है कि कम से कम 10 माला गायत्री महामंत्र जप प्रतिदिन कीजिए।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com